nt>

Title: Need to provide essential facilities to the primary and middle school teachers in Uttar Pradesh to call off strike.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चैल) : सभापति जी, उत्तर प्रदेश में प्राईमरी व माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों ने १५ दिनों से हड़ताल कर रखी है।

... (व्यवधान)

वहां के प्राईमरी व माध्यमिक शिक्षण संस्थान इस समय बंद हैं।

... (व्यवधान)

उत्तर प्रदेश के प्राईमरी व माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक १५ दिनों से हड़ताल पर हैं।

प्रदेश की प्राइमरी और माध्यमिक शिक्षण संस्थाएं इस वक्त बन्द हैं। अभिभावक बच्चों के दाखिले के लिए इस समय पूरे प्रदेश में परेशान हैं। शासन ने नये वेतनमानों में शिक्षकों की मूलभूत सुविधाओं को खत्म कर दिया है, जबकि अन्य कर्मचारियों को सुविधाएं दी गई हैं। मैं प्रदेश के समस्त अध्यापकों के साथ जो असमानता का व्यवहार किया जा रहा है, उसकी निन्दा करता हूं और केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि उत्तर प्रदेश में जितने भी प्राइमरी और माध्यमिक शिक्षक स्ट्राइक पर गये हैं, उनकी पहले की मूलभूत सुविधाओं को बहाल करते हुए तत्काल हड़ताल समाप्त की जाये और अध्यापन का कार्य शुरू कराया जाये।

... (व्यवधान)

SHRI VAIKO : The DMK people did not walk out because the Press is watching them! They never walked out. They are simply sitting here. (Interruptions)

MR. CHAIRMAN : Shri Vaiko, please sit down.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: You had the whole 45 minutes. You have almost taken 50 minutes. Others have also important matters. Shri Muthiah, please cooperate with me. You have taken 50 minutes. There are other matters pending before me. Let me call some of them also. Otherwise, I will be doing injustice to them. Let there be order in the House.

... (Interruptions)

श्री शैलेन्द्र कुमार : माननीय सभापति महोदय, मैं मांग कर रहा था कि उत्तर प्रदेश में इस समय प्राइमरी और माध्यमिक शिक्षक १५ दिन से स्ट्राइक पर हैं, पूरे प्र ादेश में शिक्षण संस्थाएं बन्द हैं, अभिभावक बच्चों के दाखिले के लिए दर-दर भटक रहे हैं, उनके बच्चों का दाखिला नहीं हो पा रहा है। शासन ने नये वेतनमान में शिक्षकों की जो मूलभूत सुविधाएं थीं, उनको खत्म कर दिया है, इसलिए पूरे शिक्षक स्ट्राइक पर हैं।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि अन्य कर्मचारियों की भांति जो भी सुविधाएं शिक्षकों को पहले दी जा रही थीं, उन्हें पहले जैसी सुविधा बहाल किया जाये तथा प्र ादेश में तत्काल हड़ताल समाप्त कराके शिक्षण कार्य शुरू किए जाए ।... (व्यवधान)

सभापति महोदय : मि. चौबे, यहां ब्लाक करके क्या हो रहा है। आप बैठिये न।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: What is going on here?

श्री शैलेन्द्र कुमार : सभापति महोदय, मैं अपनी बात समाप्त नहीं कर पा रहा हूं, मुझे बोलने दिया जाये।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि तत्काल स्ट्राइक खत्म करके शिक्षण संस्थाओं को खोला जाये, क्योंकि बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

डा. विजय सोनकर शास्त्री : एक अत्यन्त ही गम्भीर बात मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Shastri, kindly resume your seat.

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : मि. शास्त्री, आप यह क्या करते हैं? जब मैं बुलाउंगा, तब बोलें।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : यह आप क्या कर रहे हैं, यह क्या हो रहा है?

... (व्यवधान)